प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.10.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य किया अर्पित, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को दीं शुभकामनाएं।
2. सरदार पटेल की जयंती के तहत रांची की स्वर्णरेखा नदी से किया गया जल संग्रह, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा– सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।
3. आज से देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह हुआ शुरू, थीम –"सतर्कता, हमारी साझा ज़िम्मेदारी" के साथ ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण पर रहेगा जोर।
4. हजारीबाग पुलिस ने 200 किलो डोडा और 30 टन स्पंज आयरन से लदा ट्रक किया जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार।

और

5. चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के प्रभाव से राज्य में अगले चार दिनों तक बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने येलो अलर्ट किया जारी।

***************

लोकआस्था के महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है। खरना के बाद कल शाम से शुरू निर्जला उपवास में श्रद्धालु व्रतियों ने आज शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही चार दिन का यह पावन अनुष्ठान संपन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश भर के श्रद्धालुओं को छठ पूजा की संध्या अर्घ्य पर शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा को अद्वितीय बताया। प्रधानमंत्री ने सभी की भलाई की प्रार्थना की और भगवान सूर्य से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता का आशीर्वाद मांगा।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ की सभी राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि छठ का हर अनुष्ठान प्रकृति की महानता और समर्पण का प्रतीक है। वहीं मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने भगवान भास्कर और छठी मैया से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

***************

राजधानी रांची, उपराजधानी दुमका समेत राज्यभर में आज छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। दुमका में व्रतियों ने बांस के सूप में फल, पकवान और पूजा सामग्री रखकर सूर्य देव से सुख–समृद्धि और परिवार की मंगल कामना की। घाटों पर भक्ति गीतों, दीपों और श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा माहौल आस्था और श्रद्धा से सराबोर रहा।

***************

छठ पर्व को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और पहली बार एनडीआरएफ की टीम तथा गोताखोरों को विभिन्न जलाशयों में तैनात किया गया है। प्रशासन ने गोताखोरों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक कर लोगों से आपात स्थिति में मदद लेने की अपील की है।

***************

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित जल संग्रह कार्यक्रम के तहत आज रांची के स्वर्णरेखा नदी से जल एकत्र किया गया, जहां 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय द्वारा "जल संगम से जनसंगम" अभियान के तहत देश की 25 प्रमुख नदियों से जल संग्रह कर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

***************

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 आज से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है। इस सप्ताह का विषय है, सतर्कता–हमारी साझा ज़िम्मेदारी। यह शासन और लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।

***************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती से देशभर के नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है। इसकी शुरूआत 22 सितंबर को हुई। आज की रिपोर्ट में हम बता रहे हैं कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार जम्मू–कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

***************

देश भर में चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के तहत चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह शामिल हुए।

***************

हजारीबाग पुलिस ने नशीले पदार्थ डोडा की तस्करी का बड़ा खुलासा करते हुए 200 किलो डोडा और 30 टन स्पंज आयरन से लदा ट्रक जब्त किया है। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जो पंजाब के नरेंद्र सिंह उर्फ काका के सिंडिकेट से जुड़े बताए जा रहे हैं। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई से नशा तस्करी में पंजाब कनेक्शन उजागर हुआ है।

***************

मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य में चार दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आज रांची सहित कई इलाकों में बादल छाए रहे और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चौथी  सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों, कोच और टीम प्रबंधन को बधाई दी है। अपने एक्स हैंडल पर उन्होंने सैफ चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए फेडरेशन और झारखंड सरकार के पदाधिकारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड, जो खेल और खिलाड़ियों की धरती है, आने वाले समय में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा।

*******समाप्त********